

एक नजर में

## एक ही रात में दो मंदिरों पर चोरों का धावा

**इंदौर.** सांवेर क्षेत्र के ग्राम अजनोद में एक ही रात में दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने दानपेटी, चांदी के आभूषण और भगवान की मूर्ति चुरा ली, वारदात के बाद गांव में आक्रोश फैल है. पहली घटना अम्बे माता मंदिर की है. फरियादी राजेंद्र पिता शंकरलाल उपाध्याय निवासी नयापुरा, अजनोद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और दानपेटी व चांदी का मुकुट चोरी कर ले गए. चोरी की कुल कीमत करीब 15 हजार रुपए आंकी गई है. इसी तरह दूसरी वारदात राधा-कृष्ण मंदिर में हुई. फरियादी आषुतोष पिता दिलीप उपाध्याय ने बताया कि चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर से चांदी की बांसुरी, चांदी का पालना और पीतल की लड्डू गोपाल की मूर्ति चुरा ली. दोनों वारदातों की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया और मंदिरों की सुरक्षा को लेकर नाराजगी व्यक्त की. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस का मानना है कि दोनों वारदातें एक ही गिरोह ने की हैं. आरोपियों के सुराग मिलने का दावा किया है और उनकी तलाश तेज कर दी गई है.

## भटके बुजुर्ग को सकुशल पहुंचाया घर

**इंदौर .** तिलक नगर पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दो दिन से लापता एक बुजुर्ग को उनके परिजनों तक सकुशल पहुंचाया. बुजुर्ग मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के



कारण घर का रास्ता नहीं बता पा रहे थे और लगातार क्षेत्र में भटक रहे थे. स्थानीय नागरिकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी. सूचना मिलते ही आरक्षक शिवदत्त और नवीन मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग से बातचीत का प्रयास किया. बातचीत में बुजुर्ग ने लाला का बगीचा शब्द का जिक्र किया. इसी आधार पर पुलिस ने उनकी फोटो साझा कर लोगों से जानकारी जुटाई. फोटो और जानकारी के आधार पर परिजनों का पता चला. इसके बाद पुलिस ने वीडियो कॉल के जरिए पुष्टि कर बुजुर्ग को परिजनों के हवाले किया. परिजनों ने बताया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती और वे कभी-कभी घर से निकल जाते हैं. दो दिन से वे उनकी तलाश कर रहे थे. पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से परिजनों को बड़ी राहत मिली.

## बदमाश रईस उर्फ बांका को किया जिलाबदर

**इंदौर .** आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय शातिर बदमाश 57 वर्षीय रईस उर्फ बांका निवासी सहयोग नगर, नूरी मस्जिद के सामने को पुलिस आयुक्त ने जिले से बाहर कर



दिया है. उसके खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों और अपराधों को देखते हुए छह माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया है. जारी आदेश के मुताबिक रईस उर्फ बांका को इंदौर जिले शहरी व देहात सहित आसपास के सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से प्रतिबंधित किया है. आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए थाना चंदन नगर पुलिस टीम ने क्षेत्र में लाउडस्पीकर से घोषणा कराई और आरोपी व परिजनों को पाबंद किया.

## भाजपा के डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल में पदाधिकारी नियुक्त



**महू .** भाजपा के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मंडल में पदाधिकारियों की नियुक्त की गई. नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को पूर्व मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर ने तिलक लगाकर दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया. मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि इस अवसर विधायक सुश्री ठाकुर ने कहा कि संगठन ओर सत्ता का समन्वय बनाना बहुत जरूरी है. उन्होंने पदाधिकारियों से सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वाहन किया. सुश्री ठाकुर ने कहा कि कमल को प्राण प्रण से मानने वाले सभी कार्यकर्ता भाजपा के लिए एकजुट हो कर कार्य करें. मातृशक्ति का सम्मान करें. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के साथ ही सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री महेंद्र तंवर ने किया आभार मंडल महामंत्री लक्ष्मण सिंगारे ने माना.

## मीणा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**महू .** मध्य प्रदेश मीणा समाज के उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मध्य प्रदेश मीणा समाज अध्यक्ष रामनिवास मीणा ने जो जिम्मेदारी सौंपी है इस कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे. इसी कड़ी में नवनियुक्त प्रदेश



महामंत्री सत्यनारायण टीटी के नेतृत्व में मीणा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान इंदौर में संपन्न हुआ. इस अवसर पर मुख्य रूप से मीणा समाज महामंत्री और जिला अध्यक्ष सत्यनारायण टी टी, प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, प्रदेश सह मंत्री भारत मीणा, जिला अध्यक्ष धार दिलीप कामदार, जिला युवा अध्यक्ष इंदौर नवीन मीणा का आत्मीय स्वागत हुआ. स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश धनावत, संतोष मीणा, रतन मीणा, महिला जिला अध्यक्ष दीपा प्रकाश मीणा, उमरावसिंह धनावत, अशोक सेठ, पवन मीणा, नरेंद्र मीणा, डॉ अजय धनावत, संतोष भोंडा, कमल मुकाती इत्यादि सैकड़ो मीणाजन उपस्थित रहे.

## वोट चोरी मांग प्रदर्शन को लेकर बैठक संपन्न




**महू .** विधानसभा के समस्त कांग्रेस जनों की बैठक आगामी 4 सितंबर को इंदौर में होने वाली वोट चोरी मांग प्रदर्शन को लेकर वेद जी के बगीचे में संपन्न हुई. इसमें सैकड़ों की संख्या में महू विधानसभा के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें अधिक से अधिक संख्या में होने वाले वोट चोरी प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आह्वान किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस शहर कांग्रेस मानपुर ब्लॉक कांग्रेस सिंबल ब्लॉक कांग्रेस मऊ ब्लाक कांग्रेस युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल के समय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए. कार्यक्रम का संचालन पप्पू खान ने किया. आभार राजकुमार बागड़ी ने व्यक्त किया.

## त्योहार पर यात्रियों के लिए 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें

**इंदौर .** त्योहारों के सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 21 से 30 नवंबर तक 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन का ऐलान किया है. इनसे 2024 अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे. सबसे ज्यादा 48 ट्रेनें दक्षिण मध्य रेलवे चलाएगा, जो हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा से मिलाकर 684 ट्रिप्स पूरी करेंगी. पूर्व मध्य रेलवे की 14 ट्रेनें बिहार के पटना, गया, दरभंगा और मुजफ्फरपुर को जोड़ेंगी और 588 ट्रिप्स करेंगी. कोलकाता, हावड़ा, सियालदह से 24 ट्रेनें 198 ट्रिप्स, मुंबई-सूरत-वडोदरा से 24 ट्रेनें 204 ट्रिप्स और चेन्नई-कोयंबत्तूर-मदुरै से 10 ट्रेनें 66 ट्रिप्स चलाई जाएंगी. भुवनेश्वर, पुरी, रांची, टाटानगर, प्रयागराज, कानपुर, बिलासपुर, भोपाल और कोटा जैसे स्टेशनों को भी विशेष ट्रेनों से जोड़ा जाएगा. रेलवे अधिकिरयों का कहना है कि इस फैसले से त्योहार पर यात्रियों को आसानी से अपने घर पहुंचने में मदद मिलेगी.

# इंदौर का कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला सीहोर में मिला मृत

- एनडीपीएस, हत्या के प्रयास सहित 32 अपराधों कई केस थे दर्ज
- शुक्रवार रात पुलिस घेराबंदी के बाद फरार हुआ था

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर और आसपास के जिलों में खौफ का पर्याय बने कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला की तलाश रविवार को मौत पर जाकर खत्म हुई. सीहोर-भोपाल हाईवे किनारे लसूडिया परिहार गांव के पास पानी भरे गड्ढे में उसकी लाश तैरती हुई मिली, शव निकलने के बाद सनसनी फैल गई. लाला पर एनडीपीएस और हत्या के प्रयास सहित 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे. पुलिस को शक है कि शुक्रवार रात इंदौर पुलिस की घेराबंदी के दौरान भागते समय वह पानी में जा गिरा और डूब गया. हालांकि, पूरी स्थिति इंदौर पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.**



एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि सीहोर में इंदौर-भोपाल रोड में रविवार दोपहर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली. मृतक की पहचान इंदौर का रहने वाले सलमान लाला के रूप में हुई है, जिस पर एनडीपीएस और हत्या के प्रयास समेत 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे. शुक्रवार देर रात इंदौर क्राइम ब्रांच ने दरबार ढाबे के पास एक स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की थी. इसमें बैठे पांच युवकों में से सलमान अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला, जबकि उसके चार साथी पुलिस के हत्थे चढ़ गए, तब से ही उसकी तलाश की जा रही थी. रविवार को पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने इलाके की सर्चिंग के दौरान पानी भरे गड्ढे में शव देखा और बोट की मदद से बाहर निकाला. इससे पहले शनिवार को क्राइम ब्रांच ने सलमान के भाई शादाब उर्फ सिद्धू को तीन साथियों समेत गिरफ्तार किया था. शादाब हाल ही में सागर जेल से जमानत पर बाहर आया था. उसके साथ अरुण मालवीय उर्फ डार्लिंग, कुलदीप साल्दे और सौरभ राठौड़ भी पुलिस के हत्थे चढ़े.



### पुलिस पर हमला करने की कोशिश

गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें काबू कर लिया. क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, दो राउंड, एक चाकू और 11 ग्राम एमडी ड्रग बरामद किए हैं. साथ ही जिस स्कॉर्पियो से गैंग घूम रहा था, उसे भी जब्त कर लिया. फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि अवैध हथियार और ड्रग्स के सप्लायर तक पहुंचा जा सके.

### लंबा आपराधिक रिकॉर्ड

शादाब और सलमान दोनों पर ही गंभीर अपराधों की लंबी फेहरिस्त दर्ज है. शादाब कलेक्शन एजेंट की हत्या के मामले में आरोपी रह चुका है और इसी केस में वह इंदौर जेल और बाद में सागर जेल भेजा था. वहीं सलमान पर भी मादक पदार्थों की तस्करी और हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में प्रकरण दर्ज थे.

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर. रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी. महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला. पति ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, पुलिस को मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.**



रावजी बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि 23 वर्षीय मृतका दीपाली पति अरुण धानक थाना क्षेत्र के जबरन कॉलोनी में अपने पति के साथ किराए से रह रही थी. देर रात दीपाली ने पति से कहा कि वह परदेशीपुरा स्थित अपने मायके जाना चाहती है, इस पर पति अरुण ने कहा कि वह सुबह छोड़ देगा. इसके बाद दीपाली कपड़े जमाने लगी. कुछ देर बाद अरुण सो गया और करीब डेढ़ बजे नींद खुलने पर पत्नी को फंदे पर लटका देखा. अरुण ने तुरंत अन्य किराएदारों को बुलाया और दीपाली को एप्पल अस्पताल पहुंचाया. यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. मामले में पुलिस का कहना है कि दंपती के बीच किसी बात को लेकर तनाव की स्थिति रही होगी. फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पति व मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. इसके बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी.

## गुंडों पर कसा शिकंजा, आठ माह में 400 से ज्यादा बदमाश जिलाबदर

- पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर हर महीने 50 पर कार्रवाई
- थाना प्रभारी खुद कर रहे मुनादी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है. पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अब तक इस साल करीब 400 बदमाशों को जिलाबदर किया जा चुका है.** औसतन हर महीने 50 के आसपास बदमाशों पर यह कार्रवाई हो रही है. खास बात यह है कि थाना प्रभारी खुद बदमाश के घर जाकर लाउडस्पीकर से मुनादी कर आदेश सुनाते हैं, ताकि क्षेत्र के लोग भी सतर्क रहें और प्रतिबंधित अवधि में बदमाश दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे सकें.

शनिवार को भी पुलिस ने चार बदमाशों को जिलाबदर किया. इनमें रईस बक निवासी चंदन नगर, नीलेश पिता इंदर सिंह निवासी चंदन नगर, संतोष बारीक निवासी चंदन नगर और अरुण यादव निवासी गांधीनगर शामिल हैं. इन्हें इंदौर और आसपास की जिला सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा रही है. कल ही कलेक्टर ने छह बदमाशों को जिलाबदर किया. आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शनिवार रात शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया. 1220 गुंडों की जांच की गई, जिनमें से 576 पर कार्रवाई की गई. चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 132 चालकों को पकड़ा गया, सभी की गाड़ियां जब्त कर 10,000 का चालान काटा. वहीं सड़क पर शराब पीते 25 लोगों पर केस दर्ज किया. पुलिस टीम ने रातभर कॉम्बिंग गश्त करते हुए 312 वारंट तामिल किए. साथ ही 248 गुंडों के घर जाकर उनकी हाजिरी जांची गई. अभियान में 64 नकबजन, 85 चाकूबाज और 144 निगरानी बदमाशों को भी चेक किया. खासतौर पर जिलाबदर बदमाशों के घर जाकर पुलिस ने मौजूदगी की जांच की. 56 जिलाबदर बदमाशों के घर टीम पहुंची, लेकिन कोई भी घर पर नहीं मिला. पुलिस का कहना है कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और बदमाशों को नियंत्रण में रखने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.



### किराएदार,नौकर की जानकारी छुपाई तो होगी कार्रवाई

अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने किराएदार और नौकर की जानकारी देना अनिवार्य किया है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग लापरवाही बरत रहे हैं. विशेष अभियान के दौरान सिर्फ सात दिन में दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. पुलिस कमिश्नर के आदेश अनुसार मकान मालिकों, होटल-लॉज संचालकों, स्पा व सुरक्षा एजेंसियों सहित ऑनलाइन कंपनियों और छात्रावास संचालकों को अपने यहां रहने काम करने वाले लोगों की सूचना थाने में देना जरूरी है. विजयनगर पुलिस ने शनिवार को एक होटल और स्पा सेंटर पर भी कार्रवाई की, जिन्होंने कर्मचारियों की जानकारी थाने में दर्ज नहीं कराई थी. एडीसीपी अमरेंद्र सिंह ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी.



## सराफा क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च

- त्योहारों पर सुरक्षा का भरोसा

**इंदौर.** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस ने नगरीय जोन-04 अंतर्गत सराफा अनुभाग के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला. इसका मकसद आमजन में सुरक्षा की भावना जगाना और सभी को निश्चित होकर हर्षोल्लास से त्योहार मनाने का संदेश देना था.

फ्लैग मार्च थाना पंढरीनाथ से शुरू होकर मच्छी बाजार, नया पीठा, कगदीपुरा, थाना छत्रीपुरा, बियाबानी, सिलावटपुरा, दरगाह चौक, नरसिंह बाजार, बॉम्बे बाजार, गुरुद्वारा चौक से होते हुए राजबाड़ा पर समाप्त हुआ. इस दौरान पुलिस उपायुक्त जोन-04 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-04 दीशेष अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त सराफा हेमंत चौहान सहित सराफा, पंढरीनाथ और छत्रीपुरा थानों का बल मौजूद रहा. अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के समय पूरी मुस्तैदी और संवेदनशीलता के साथ पुलिस पेट्रोलिंग और निगरानी करेगी, ताकि लोग सुरक्षित माहौल में पर्व मना सकें.



## पति-पत्नी के झगड़े में दो भाइयों की मौत

- नशे में धुत युवक ने एक रिश्तेदार को चाकू मारा
- बचाने आया भाई भी धक्का लगते ही ढेर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शिप्रा थाना क्षेत्र के बरलाई जागीर गांव में शनिवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई. यहां नशे की हालत में एक युवक ने पहले अपने रिश्तेदार को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया और फिर उसे बचाने पहुंचे भाई को धक्का दे दिया, गिरते ही उसकी भी जान चली गई. देर रात तक गांव में सनसनी मची रही, लेकिन पुलिस को मामले की सूचना सुबह मिली.**

गांव के इमलीबाड़ी मोहल्ले में रहने वाला रामेश्वर बागरी अक्सर शराब के नशे में पत्नी से मारपीट करता था. शनिवार देर रात भी वह पत्नी से विवाद कर रहा था. शोर सुनकर पास ही रहने वाला उसका भाई रिश्तेदार प्रकाश बागरी बीच-बचाव करने पहुंचा. गुस्साए रामेश्वर ने उस पर चाकू से वार कर दिया. हमले के बाद प्रकाश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा. इस बीच घटनास्थल पर मौजूद रामप्रकाश उर्फ गलिया ने उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे भी जोर से धक्का दे दिया. धक्का लगते ही रामप्रकाश गिर पड़ा और उठ नहीं पाया. बताया जा रहा है कि उसकी तबीयत पहले से खराब थी और गिरने के बाद हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी गांववालों को रात में ही हो गई थी, लेकिन किसी ने पुलिस को खबर नहीं दी. सुबह जब मामला एसडीओपी प्रशांत भदौरिया तक पहुंचा तो उन्होंने शिप्रा टीआई कैलाश सोलंकी को मौके पर भेजा. पुलिस जब गांव पहुंची तो लोग कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे. बाद में अस्पताल पहुंचने पर दो मौतों का खुलासा हुआ.

### दो कहानियां सामने...

एसडीओपी भदौरिया ने बताया कि मृतक प्रकाश और रामप्रकाश आपस में भाई थे, दोनों ही पास में रहते थे. परिवारजन भी सही जानकारी देने से बच रहे हैं. अब तक की जांच में दो बातें सामने आई हैं एक में पत्नी से झगड़े की बात कही जा रही है, जबकि दूसरी में भाइयों से विवाद का जिक्र है. प्रकाश की मौत चाकू मारने से हुई, वहीं रामप्रकाश को धक्का दिए जाने के बाद हार्ट अटैक आया. आरोपी की पत्नी भी फिलहाल कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है.

## ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच ने की बड़ी कार्रवाई

- 54 लाख की ठगी, फरियादी को अब तक 11.65 लाख लौटाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी के एक बड़े मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने तत्परता दिखाते हुए लाखों रुपए वाले बैंक खातों को फ्रीज कराया और फरियादी को अब तक 11,65,000 की राशि वापस दिला दी है.**

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर निवासी एक फरियादी से शेयर मार्केट में निवेश कर रोजाना 2000 से 4000 रुपए तक कमाई का झांसा देकर करीब 54 लाख की ठगी की गई थी. फरियादी को एक महिला ने स्वयं को नैना शर्मा बताकर झांसा दिया और वर्नियम कैप्टन एडवाईजर्स प्रा.लि. नामक कंपनी के नाम पर रजिस्ट्रेशन कराया. शुरुआत में छोटे निवेश पर बोनस और कमीशन देकर भरोसा जीत लिया, धीरे-धीरे बड़े निवेश कराए गए, लेकिन बाद में पैसे निकालने का प्रयास करने पर तकनीकी कारण बताकर खाता होल्ड कर दिया. सेबी से जानकारी लेने पर पता चला कि इस नाम की कोई कंपनी पंजीकृत ही नहीं है. इसके बाद फरियादी ने एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने तत्परता से लेन-देन को ट्रेस कर बैंक खातों को फ्रीज कराया. अब तक फरियादी को 11.65 लाख की राशि लौटाई जा चुकी है. पुलिस की जांच में कई संदिग्ध खातों का पता चला है, जिन पर आगे की कार्रवाई जारी है.

क्राइम ब्रांच ने आमजन से अपील की है कि किसी अनजान नंबर से आए निवेश ऑफर पर भरोसा न करें. किसी भी लिंक पर क्लिक करने या एप डाउनलोड करने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचें.

समस्या | नगर निगम के तमाम दावों की खुली पोल

## निकासी नहीं होने से कई कॉलोनियों में भरा बारिश का पानी

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शनिवार की तेज बरसात ने नगर निगम के विकास कार्यों की हकीकत सामने ला दी. शहर का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया और कहीं-कहीं तीन-तीन फीट तक पानी भर गया. जिन क्षेत्रों में वर्षों से जलभराव की समस्या बनी रहती है, वहां निगम के बड़े-बड़े वादों और सुधार की बातें फिर से हवा-हवाई साबित हुई.**

तेज पानी के बहाव में कई जगह दोपहिया वाहन, घरों का फर्नीचर और चार पहिया गाड़ियां बहते दिखीं. फूटी कोठी क्षेत्र में तो कार तक पलट गई जिसमें कुछ यात्री सवार थे हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से उसमें सवार यात्रियों की जान बच गई. जलभराव से प्रभावित क्षेत्र में फूटी कोठी, प्रजापति नगर, श्रद्धा-सबुरी नगर एमआर 9 मार्ग, रॉबर्ट चौराहा, गांधीनगर सुपर कॉरिडोर, खजराना, आजाद नगर, कबूतरखाना मिल क्षेत्र, लसूडिया मोरी, पगनिस पागा चौराहा, गौरी नगर मुसाखेड़ी रिंग रोड के दोनों तरफ बेस घने और बड़े क्षेत्र जैसे शहर के कई कॉलोनी और बस्तियां शामिल है. पानी निकासी के ठोस इंतज़ाम न होने से कॉलोनियां तालाब में तब्दील हो गईं. विकास का यह हाल देखकर भ्रष्टाचार और लापरवाही साफ झलकती है.





### इनका कहना है...




जब भी कोई कॉलोनी की विकसित होती है तो उसका दिशा निर्देश निगम को तैयार करना चाहिए. पानी की निकासी का बंदोबस्त नहीं है. जो सीवरेज लाइन डाली है वह छोटी है.

**- लाल सिंह**



मुख्य रोड से कॉलोनी के रोड मिलाते समय मापदंड में लापरवाही की जाती है. कहीं ऊंचा, कहीं नीचे जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं होती, नगर निगम के यह कैसे इंजीनियर हैं.

**- इरफान खान**



वर्तमान स्थिति में बरसात में घर से निकलना यानी मुसीबत मोल लेना है. हर तरफ जल जमाव की स्थिति बनी रहती है. विकास कार्य में करोड़ों रुपया कहां खर्च हुआ यहां बड़ा सवाल है.

**- अचल सक्सेना**